Website : www.highwaychannel.in

छत्तीसगढ़ का सर्वाधिक प्रसारित शाम का अखबार

# हाईवे चैनल

▫ वर्ष- 28 ▫ अंक- 253 ▫ रायपुर, मंगलवार 7 अक्टूबर 2025 ▫ पृष्ठ-8 ▫ मूल्य- 2.50 रुपया • रायपुर • जगदलपुर से प्रकाशित RNI रजिस्ट्रेशन नं. 68139/98

## मुझे कोई अफसोस नहीं, ये सब ऊपर वाले ने कराया, सीजेआई पर जूता उछालने वाले वकील का चौंकाने वाला बयान



**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस बीआर गवई पर जूता उछालने वाले वकील राकेश किशोर ने कहा है कि वह सीजेआई की टिप्पणी से आहत हैं और उन्हें अपने किए पर कोई अफसोस या पछतावा नहीं है। वकील राकेश किशोर ने नाराजगी जताते हुए कहा कि जब भी सनातन धर्म से जुड़े मामले आते हैं तो सुप्रीम कोर्ट ऐसे ही आदेश देता है। सीजेआई पर जूता उछालने की कोशिश के बाद आरोपी वकील राकेश किशोर को निलंबित कर दिया गया है।

वकील राकेश किशोर ने कहा %मैं आहत था...मैं कोई नशे में नहीं था। ये उनकी कार्रवाई पर मेरी प्रतिक्रिया थी। न तो मैं डरा हुआ हूं और न ही मुझे अपने किए पर कोई अफसोस है। 16 सितंबर को मुख्य न्यायाधीश की अदालत में एक जनहित याचिका दायर की गई थी। मुख्य न्यायाधीश ने इसका मजाक उड़ाते हुए कहा - जाओ और मूर्ति से प्रार्थना करो और उससे ही अपना सिर वापस लगाने के लिए कहो। जब हमारे सनातन धर्म से जुड़ा कोई मामला आता है, तो सर्वोच्च न्यायालय ऐसे आदेश देता है। याचिकाकर्ता को राहत नहीं देनी मत दीजिए, लेकिन उसका मजाक भी न उड़ाएं। न्यायपालिका के सर्वोच्च पद पर बैठे व्यक्ति के खिलाफ अपनी कार्रवाई को लेकर निलंबित वकील ने कहा कि इतने उच्च संवैधानिक पद पर बैठने वाले सीजेआई को भी सोचना चाहिए। उन्हें माई लॉर्ड शब्द के मतलब को समझना चाहिए और इसकी गरिमा को बनाए रखना चाहिए। आप मॉरीशस जाते हैं तो वहां कहते हैं कि देश बुलडोजर से नहीं चलेगा। मैं सीजेआई से पूछना चाहता हूं कि सरकारी संपत्ति पर अतिक्रमण करने वालों के खिलाफ योगी जी की कार्रवाई गलत है? मैं आहत हूं और आगे भी आहत ही रहूंगा।

## राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी, कांग्रेस महासचिव केसी वेणुगोपाल ने गृहमंत्री अमित शाह को लिखा पत्र

### रायपुर में कांग्रेस का 5 घंटे तक हंगामा

**रायपुर,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ में राजनीतिक माहौल एक बार फिर गर्मा गया है। केरल में पूर्व एबीवीपी नेता पिंटू महादेव द्वारा टीवी डिबेट के दौरान राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने के बयान से देशभर में बवाल मच गया है। इस बयान के विरोध में रायपुर के सिविल लाइन थाने में कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने जमकर नारेबाजी की और आरोपी के खिलाफ स्न्नक्र दर्ज करने की मांग की।

रविवार को कांग्रेस कार्यकर्ता और नेताओं ने सिविल लाइन थाने का घेराव कर पिंटू महादेव की गिरफ्तारी की मांग की। पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने कहा कि जब भाजपा नेताओं पर टिप्पणी होती है तो तुरंत एक्शन लिया जाता है, लेकिन राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने वाले नेता पर कोई कार्रवाई नहीं हो रही। उन्होंने कहा कि यह कानून और संविधान का उल्लंघन है। सिविल लाइन सीएसपी रमाकांत साहू ने कहा कि मामले की जांच के बाद ही कार्रवाई की जाएगी। इसके बाद कांग्रेस कार्यकर्ताओं ने करीब पांच घंटे तक थाने में धरना दिया और बाद में लौट गए।

**बोले- कार्रवाई होनी ही चाहिए**

उल्लेखनीय है कि 26 सितंबर को केरल के एक न्यूज चैनल पर लद्दाख हिंसा को लेकर लाइव डिबेट चल रही थी। इस दौरान भाजपा की तरफ से बोलने आए पूर्व एबीवीपी नेता पिंटू महादेव ने कहा कि 'राहुल गांधी को सीने में गोली मार दी जाएगी।' इस बयान के तुरंत बाद देशभर में कांग्रेस नेताओं ने कड़ी आपत्ति जताई और मामले को विधानसभा तक पहुंचा दिया।

**केरल में एफआईआर दर्ज, आरोपी की तलाश**- केरल कांग्रेस कमेटी के सचिव श्रीकुमार सी.सी. की शिकायत पर पेरामंगलम पुलिस ने पिंटू महादेव के खिलाफ स्न्नक्र दर्ज कर ली है और उसकी तलाश जारी है। वहीं कांग्रेस महासचिव के.सी. वेणुगोपाल ने गृहमंत्री अमित शाह को पत्र लिखकर कहा कि अगर आरोपी पर तुरंत कार्रवाई नहीं हुई तो इसे सरकारी मिलीभगत माना जाएगा।

**भाजपा पर कांग्रेस का बड़ा आरोप**-पूर्व विधायक विकास उपाध्याय ने आरोप लगाया कि भाजपा ने कानून व्यवस्था की धज्जियां उड़ा दी हैं। उन्होंने कहा, 'जब भाजपा नेताओं के खिलाफ बयान होता है तो तुरंत स्न्नक्रहोती है, लेकिन राहुल गांधी को गोली मारने की धमकी देने पर सरकार चुप है।' हाल ही में सीआरपीएफ ने राहुल गांधी की सुरक्षा को लेकर चिंता जताई थी। एजेंसी ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे को पत्र लिखकर बताया कि राहुल गांधी पिछले 9 महीनों में 6 बार बिना सूचना विदेश गए। यह यात्राएं इटली, वियतनाम, दुबई, कतर, लंदन और मलेशिया की थीं। सीआरपीएफ ने कहा कि जेड+ कैटेगरी सुरक्षा में यह गंभीर चूक है और इससे सुरक्षा खतरा बढ़ सकता है।

## ब्रेकिंग न्यूज

### अनवर ढेबर को मिली अंतरिम जमानत



रायपुर, 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। कस्टम मिलिंग स्कैम प्रकरण में आरोपी अनवर ढेबर को उसकी मां की खराब तबियत के चलते विशेष कोर्ट ने 4 दिन की अंतरिम जमानत दे दी है।

### राज्योत्सव इस बार 5 दिनों का होगा, पीएम मोदी करेंगे शुभारंभ

**रायपुर,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ का राज्योत्सव इस बार बेहद खास होगा. उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा ने बताया कि अबकी बार 3 दिन की जगह 5 दिनों का आयोजन होगा. इसकी शुरुआत एक नवंबर से होगी. राज्योत्सव का शुभारंभ प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी करेंगे, वहीं 5 नवंबर को समापन समारोह में उपराष्ट्रपति शामिल होंगे.

### बस्तर दशहरा का आज समापन

**जगदलपुर,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। विश्व प्रसिद्ध बस्तर दशहरा का समापन मंगलवार को मावली माता की डोली और दंतेश्वरी माई की छत्र की विदाई के साथ होगा. इससे पहले मंदिर परिसर में पूरे विधि-विधान से पूजा-पाठ किया जाएगा, जिसमें राजपरिवार के कमलचंद्र भंजदेव भी शामिल होंगे. पूजा के बाद माता की डोली को सलामी देते हुए जिया डेरा तक ले जाया जाएगा. विदाई के दौरान गाजे-बाजे और गुलाब की वर्षा के बीच श्रद्धालु बूंदी और लड्डू का प्रसाद पाएंगे. हर वर्ष की परंपरा के तहत माता को विदाई में बकरा, चावल, दाल, तेल, हल्दी, गुड़, सुपारी, चूड़ी जैसी सामग्री दी जाती है. पुजारी कृष्ण कुमार पाढ़ी के अनुसार, पहले यह डोली चांदी की होती थी, अब सागौन की लकड़ी से निर्मित डोली में यह रस्म निभाई जाती है. पूरे कार्यक्रम में राजपरिवार और भक्तों की उपस्थिति से बस्तर की परंपरा एक बार फिर जीवंत होगी.

### ननकीराम कंवर के साथ खड़े हुए संघ के पूर्व प्रचारक, कहा- कलेक्टर किसी का दामाद, इसलिए



**रायपुर,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। पूर्व गृह मंत्री ननकीराम कंवर का कोरबा कलेक्टर को हटाने के लिए शुरू किया गया अभियान अब एक नया मोड़ ले लिया है. भाजपा नेता को अप्रत्याशित रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रचारक राजेंद्र जी का साथ मिला है, जिन्होंने कोरबा कलेक्टर पर किसी के दामाद होने की वजह से नहीं हटाए जाने की बात कही है. राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक राजेंद्र जी का यह बयान सियासी गलियारों में तेजी से वायरल हो रहा है. राजेंद्र जी कभी छत्तीसगढ़ आरएसएस के प्रांत प्रचारक रह चुके हैं. बताया जाता है कि इन्होंने ही रायपुर के वीआईपी रोड स्थित भव्य राम मंदिर की रूपरेखा तैयार की थी.




चूहा- सुनती हो, सीजेआई पर हमला करने वाले वकील ने कहा है कि जो कुछ हुआ उसे ऊपर वाले ने कराया।

चुहिया- हां जी, अब तो सब भगवान को ही दोष देकर बचा जा सकता है।

## अस्पताल से फरार हुआ हत्या का कैदी



**अंबिकापुर,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के अंबिकापुर से बड़ी खबर निकलकर सामने आ रही है, हत्या के मामले में सजा काट रहा एक कैदी अस्पताल की जेल वार्ड से सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर फरार हो गया है। जिसकी तलाश में पुलिस जुट गई है।

हत्या के मामले में केंद्रीय जेल अंबिकापुर में सजा काट रहा कैदी मुकेश कान्त ग्राम मल्हार थाना मस्तूरी जिला बिलासपुर निवासी को तबीयत खराब होने पर केंद्रीय जेल अंबिकापुर से मेडिकल कॉलेज अस्पताल के जेल वार्ड में भर्ती कराया गया था। आज सुबह बाथरूम जाने के बहाने कैदी सुरक्षा कर्मियों को चकमा देकर मौके से फरार हो गया। कैदी के भागने की खबर मिलते ही सुरक्षा कर्मियों में हड़कंप मच गया, इधर कैदी के भागने की सूचना मणिपुर

### ओपन स्कूल ने दूसरी परीक्षा के नतीजे किए घोषित

## 10वीं में 30.02 प्रतिशत, 12वीं में 46.28 प्रतिशत छात्र पास

**रायपुर,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ राज्य ओपन स्कूल ने अगस्त में आयोजित दूसरी परीक्षा के नतीजे घोषित कर दिए हैं। 12वीं में 46.28 प्रतिशत और 10वीं में 30.02 फीसदी विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। अब तीसरी परीक्षा नवंबर-दिसंबर में आयोजित की जाएगी। परीक्षा के लिए फॉर्म भरने की प्रक्रिया चल रही है। ओपन स्कूल द्वारा अब साल में तीन बार परीक्षा आयोजित की जा रही है। मार्च-अप्रैल को पहली और अगस्त में दूसरी परीक्षा आयोजित की गई थी। 12वीं एवं 10 वीं की दूसरी परीक्षा का परिणाम सोमवार की शाम को जारी किया गया। कक्षा 12वीं की परीक्षा के लिए 15036 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। इनमें 14269 विद्यार्थी सम्मिलित हुए। 128 विद्यार्थियों के आवेदन को निरस्त किया गया। 2540 विद्यार्थी आरटीडी के तहत शामिल हुए। वहीं 11 परीक्षार्थियों का परिणाम रोका गया है। इस तरह 11,718 विद्यार्थियों का परिणाम जारी किया गया। इनमें 46.28 प्रतिशत विद्यार्थी उत्तीर्ण हुए। 903 विद्यार्थी प्रथम, 2168 द्वितीय तथा 2247 विद्यार्थी तृतीय श्रेणी में आए हैं। 106 विद्यार्थी पास श्रेणी से सफल हुए। उत्तीर्ण विद्यार्थियों में 45.22 प्रश बालक एवं 47.64 प्रश बालिकाएं है।

कक्षा 10वीं की दूसरी परीक्षा के लिए प्रदेश के 19,249 विद्यार्थियों ने पंजीयन कराया था। इनमें से 17834 विद्यार्थियों ने परीक्षा दी। 13 परीक्षार्थियों का परिणाम विभिन्न कारणों से रोका गया। 17,821 विद्यार्थियों का परिणाम घोषित किया गया। इनमें 30.02 फीसदी उत्तीर्ण हुए। 749 विद्यार्थियों ने प्रथम श्रेणी से परीक्षा उत्तीर्ण की। 2008 द्वितीय और 2554 विद्यार्थी तृतीय में आए हैं। 39 पास श्रेणी से उत्तीर्ण हुए। परीक्षा में उत्तीर्ण बालकों का प्रतिशत 28.35 और बालिकाओं का 32.67 प्रश रहा। ओपन स्कूल की तीसरी परीक्षा नवंबर-दिसंबर में आयोजित की जाएगी. इसकी तैयारी भी चल रही है. अगस्त में हुई दूसरी परीक्षा में अनुत्तीर्ण होने वाले विद्यार्थियों के लिए आगामी अवसर तथा आरटीडी अवसर परीक्षा में सम्मिलित होने हेतु आवेदन करने अतिरिक्त समय दिया गया है. वे बिना विलंब शुल्क के साथ परीक्षा आवेदन 15 अक्टूबर तक कर सकते हैं. शेष विद्यार्थियों को पूर्व में जारी तिथि पर आवेदन करना होगा. पूर्व में जारी निर्देश के अनुसार बिना विलंब शुल्क के साथ 8 अक्टूबर एवं विलंब शुल्क के साथ 15 अक्टूबर तक फॉर्म भरा जा सकेगा।

## कुएंमारी जलप्रपात में हादसा: फोटो लेते समय फिसला पैर, 40 फीट नीचे खाई में गिरने से बच्चे की मौत



**कोंडागांव,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिले के पर्यटन स्थलों में शुमार केशकाल क्षेत्र के कुएंमारी जलप्रपात में आज दर्दनाक हादसा हो गया, जहां झरने से गिरकर मासूम बच्चे की मौत हो गई। इस हादसे की जानकारी मिलते ही गांव में मातम पसर गया है। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल हो गया है। पुलिस ने मर्ग कायम कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

जानकारी के अनुसार, ग्राम बटराली निवासी 13 वर्षीय कार्तिक मंडावी अपने दोस्तों के साथ घर वालों को बताए बिना घूमने के लिए कुएंमारी जलप्रपात पहुंचा था। झरने के ऊपरी हिस्से में फोटो खींचते समय वह फिसलकर करीब 40 फीट नीचे गहरी खाई में जा गिरा। सिर में गंभीर चोट लगने से उसकी मौत हो गई।

घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीणों और पुलिस ने मौके पर पहुंचकर कार्तिक को बाहर निकाला और केशकाल अस्पताल लाया, जहां डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया। पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया। वहीं घटना के बाद बटराली गांव में शोक का माहौल है। ग्रामीणों ने बताया कि कार्तिक बेहद होनहार और चंचल स्वभाव का बच्चा था। परिवार को बेटे के इस तरह चले जाने का गहरा सदमा लगा है। स्थानीय लोगों ने बताया कि कुएंमारी जलप्रपात में बारिश के मौसम में पानी का बहाव तेज हो जाता है, जिससे वहां हादसों की आशंका बढ़ जाती है।

**ग्रामीण बोले- पर्यटन स्थल पर सुरक्षा कर्मियों की हो तैनाती**

लोगों ने प्रशासन से मांग की है कि बरसात के मौसम में सुरक्षा कर्मियों की तैनाती अनिवार्य की जाए, ताकि भविष्य में इस तरह की दर्दनाक घटनाओं को रोका जा सके। ग्रामीणों का कहना है कि यह पहला हादसा नहीं है। इससे पहले भी कई पर्यटक और स्थानीय लोग फिसलकर घायल या हताहत हो चुके हैं। इसके बावजूद यहां पर्याप्त सुरक्षा व्यवस्था नहीं की गई है। ग्रामीणों ने प्रशासन को इस घटना से सबक लेते हुए जलप्रपात क्षेत्र में चेतावनी बोर्ड, बैरिकेड और गश्त की व्यवस्था करने की मांग की है।

## आईईडी लगाने वाले 3 नक्सली गिरफ्तार

**दंतेवाड़ा,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। जिले में चल रहे सर्च ऑपरेशन के दौरान पुलिस और सीआरपीएफ की संयुक्त टीम ने सातधार पुल के पास तीन संदिग्धों को पकड़ा. पूछताछ में उन्होंने हाल ही में हुए आईईडी ब्लास्ट में शामिल होने की बात कबूल की, जिसमें दो जवान घायल हुए थे. गिरफ्तार नक्सलियों की पहचान संतू, मनीराम और सुखमन के रूप में हुई है. उनकी निशानदेही पर एक किलो वजनी जिंदा आईईडी, सब्बल और अन्य सामग्री बरामद की गई. पुलिस ने बताया कि आरोपियों ने प्रतिबंधित संगठन में सक्रिय रूप से काम करने की बात स्वीकार की है. तीनों को न्यायालय में पेश करने की तैयारी की जा रही है. लगातार हो रहे ऑपरेशन से सुरक्षाबलों का मनोबल बढ़ा है.

## भालुओं के हमले में तीन ग्रामीण घायल



**महासमुंद**, 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। कोमाखान के बिडोरा में भालुओं के हमले में तीन लोग घायल हो गए हैं, जिन्हें बागबहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में प्राथमिक उपचार के बाद महासमुंद मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया है.

जानकारी के अनुसार, बागबहरा वन परिक्षेत्र के अंतर्गत आने वाले ग्राम बिडोरा के रहवासी जंगल में गए थे, जहां दो भालू और दो शावकों के झुंड ने उन पर हमला कर दिया. हमले में दानबाई ठाकुर (60 वर्ष), छबिलाल साहू (49 वर्ष) और सावित्री ठाकुर (40 वर्ष) को सिर, हाथ व कमर में चोटे आई है. तीनों को पहले बागबाहरा सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र ले जाया गया, जहां प्राथमिक उपचार के बाद बेहतर इलाज के लिए महासमुंद मेडिकल कालेज रेफर किया गया. घायलों को वन विभाग की ओर से 500-500 रुपए की आर्थिक मदद दी गई है.

## अज्ञात हमलावरों ने भाजपा नेता को गोली मारकर मौत के घाट उतारा

**नई दिल्ली,** 7 अक्टूबर (न्यूज चैनल)। ओडिशा के गंजम जिले के ब्रह्मपुर में एक बेहद गंभीर और चौंकाने वाली घटना ने राजनीतिक और कानूनी दुनिया में सनसनी मचा दी है। वरिष्ठ अधिवक्ता और ओडिशा राज्य बार काउंसिल के सदस्य पिताबास पांडा, जो भाजपा के एक प्रमुख स्थानीय नेता भी थे, को अज्ञात हमलावरों ने गोली मारकर मौत के घाट उतार दिया। इस वारदात ने पूरे इलाके को सदमे में डाल दिया है। रात करीब 11 बजे, जब पांडा अपनी कार से घर लौट रहे थे, तभी दो बाइक पर सवार संदिग्ध उनकी गाड़ी के पास पहुंचे और तेज़ गोलीबारी शुरू कर दी। गोली सीधे पांडा के सीने में लगी, जिससे वे कार से नीचे गिर पड़े। हमलावर वहां से फरार हो गए। घायल अवस्था में पांडा को स्थानीय एमकेसीजी मेडिकल कॉलेज अस्पताल ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। पोस्टमॉर्टम रिपोर्ट में बताया गया कि गोली उनके दिल को भेदते हुए जानलेवा साबित हुई। पुलिस ने घटना की गंभीरता को देखते हुए तुरंत जांच शुरू कर दी है।

## नवा रायपुर में प्रस्तावित होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट रद्द

### कारोबारियों को 540 रुपए वर्गफीट में जमीन आबंटित की थी तैयारी

**रायपुर,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। नवा रायपुर अटल नगर में होलसेल कॉरिडोर अब नहीं बनेगा. नवा रायपुर अटल नगर विकास प्राधिकरण द्वारा प्रोजेक्ट को रद्द कर कॉमर्शियल हब निर्माण पर विचार किया जा रहा है. यहां अब सीटी डेवलपेंट के तहत सड़क, नाली, बिजली, पेयजल और अन्य अधोसंरचना निर्माण का कार्य शुरू चुका है. नवा रायपुर के संतुलित विकास के लिए साथ ही विभिन्न सेक्टरों में व्यस्थापित, निवेश और वाणिज्यिक गतिविधियां को गति देने जमीन आवंटित किया जा रहा है।

जानकारी के मुताबिक, कांग्रेस सरकार में होलसेल कॉरिडोर प्रोजेक्ट बनाने का फैसला लिया गया था. इसके लिए बकायदा 1083 एकड़ जमीन भी चिन्हित कर ली गई थी. दावा था कि यह दक्षिण एशिया और देश का सबसे बड़ा थोक व्यावसायिक बाजार बनेगा. इसके बाद कारोबारियों को 540 रुपए वर्गफीट जमीन आबंटित करने और इसके निर्माण में अतिरिक्त राशि शासन से व्यय किया जाना था. लेकिन मौजूदा भाजपा सरकार ने पूर्व कांग्रेस सरकार के फैसले को निरस्त कर दिया। राज्य सरकार के इस फैसले को लेकर छत्तीसगढ़ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज के अध्यक्ष का कहना है कि नवा रायपुर में होलसेल कॉरिडोर विकसीत किए जाने की जरूरत है. इससे व्यापार और प्रदेश के राजस्व में भी बढ़ोतरी होगी. साथ ही रायपुर शहर में ट्रैफिक का दबाव भी कम होगा. फिलाहाल शासन की ओर से होलसेल कॉरिडोर या कॉमर्शियल निर्माण के संबंध में कोई प्रस्ताव या सुझाव नहीं मांगा गया है।

## कोयला खदान का ग्रामीणों ने किया विरोध राष्ट्रपति और राज्यपाल के नाम से सौंपा ज्ञापन



**कोरबा,** 7 अक्टूबर (हाईवे चैनल)। छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में कोयला खदान खोले जाने के विरोध में ग्रामीणों ने मंगलवार को राष्ट्पति और राज्यपाल के नाम ज्ञापन सौंपा है. उनका कहना है कि कोयला खदान खुलने से आसपास के क्षेत्रों में बड़े पैमाने पर घने जंगल की कटाई होगी. इससे पर्यावरण पर बुरा असर पड़ेगा. वहीं जीव जन्तुओं के अस्तित्व को भी खतरा है, खासकर हाथी सबसे ज्यादा प्रभावित होंगे. दरअसल सरकार ने कोल ब्लॉक के लिए 725 एकड़ निजी कंपनी क्षेत्र की जमीन आवंटित की है. इसी फैसले के विरोध में विकासखंड पोड़ी के ग्राम पंचायत पुटीपखना, जल्के, तनेरा और सेन्हा सहित आधा दर्जन से अधिक पंचायतों में विरोध तेज हो गया है.